**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 1922**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## सतना विमानपत्तन का विस्तार

**1922. श्री गणेश सिंहः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की चालू वित्त वर्ष के दौरान हाल ही में उद्घाटन किए गए सतना विमानपत्तन का विस्तार करने की कोई योजना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का निकट भविष्य में सतना विमानपत्तन से वाणिज्यिक और मालवाहक उड़ानें संचालित करने का विचार है,

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में अनुमानित समय-सीमा क्या है,

(घ) क्या सरकार सतना विमानपत्तन पर एक एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) स्टेशन स्थापित करने पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और प्रक्रिया क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क): हवाईअड्डों का विस्तार और उन्नयन एक सतत प्रक्रिया है और इसे हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा भूमि की उपलब्धता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता, सामाजिक-आर्थिक कारकों, यातायात की माँग/ऐसे हवाईअड्डों से/तक परिचालन करने की एयरलाइनों की इच्छा के आधार पर समय-समय पर किया जाता है। राष्ट्रीय नागर विमानन नीति, 2016 के अनुसार, हवाईअड्डे के विकास के लिए निःशुल्क और सभी बाधाओं से मुक्त भूमि प्रदान करने की जिम्मेदारी, संबंधित राज्य सरकार की होती है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने सतना हवाईअड्डे पर रनवे का 1200 मीटर से 1850 मीटर तक विस्तार करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के समक्ष लगभग 100 एकड़ की भूमि की आवश्यकता का अनुमान प्रस्तुत किया है।

(ख) और (ग): मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ ही भारतीय घरेलू विमानन विनियमन मुक्त हो गया है। एयरलाइनें अपनी वाणिज्यिक और परिचालन व्यवहार्यता के आधार पर किसी भी प्रकार के विमान के साथ क्षमता बढ़ाने और सेवा प्रदान करने हेतु किसी भी बाजार एवं नेटवर्क/मार्ग का चयन करने के लिए स्वतंत्र हैं।

(घ) और (ङ): भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) से सतना हवाईअड्डे पर स्थायी विमानन ईंधन स्टेशन (एएफएस) स्थापित किए जाने तक चल रहे परिचालनों में सहायता करने के लिए अंतरिम व्यवस्था के रूप में मोबाइल (ऑन-व्हील) रीफ्यूलिंग इकाई स्थापित करने का अनुरोध किया है।

*****